
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com



वर्ष :- 03 अंक :- 05 मुरादाबाद, 25 April 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सहारनपुर में मंच से गरजे योगी आदित्यनाथ, कहा-अतीत हो गए माफिया-अपराधी, यूपी में भयमुक्त माहौल

सूबे के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ आज सहारनपुर और शामली दौरे पर हैं। सबसे पहले वह सहारनपुर से नगर निकाय चुनाव का शंखनाद करने पहुंचे हैं। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी में भयमुक्त माहौल है। माफिया और अपराधी अब अतीत हो गए।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज नगर निकाय चुनाव का शंखनाद सहारनपुर से कर रहे हैं। उन्होंने सहारनपुर के महाराज सिंह डिग्री कॉलेज मैदान पर जनसभा को संबोधित किया और फिर शामली के लिए रवाना हो गए। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। संगठन ने भी कार्यक्रम को लेकर ताकत झोंक रखी है। जनसभा स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी। नगर निकाय चुनावों में भाजपा के पक्ष में अपील करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहारनपुर रैली को संबोधित करने पहुंचे। वह दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर राजकीय वायुयान से सरसावा के ग्राम सोराना में वायुसेना की हवाई पट्टी पर उतरे। 12 बजकर 11 मिनट पर हेलीकॉप्टर में सवार होकर सहारनपुर के लिए उड़ चले। मंडल आयुक्त सहारनपुर डॉ. लोकेश एम, डीआईजी अजय साहनी तथा एसपी देहात सागर जैन ने मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए स्वागत किया।





### अतीत हो गए माफिया और अपराधी- सीएम योगी

जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहारनपुर विकास के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज कायम है। प्रदेश की कानून व्यवस्था आज पूरे देश में नजीर बन चुकी है। माफिया और अपराधी अब अतीत हो गए, आज यूपी में भयमुक्त माहौल है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले की सरकारों को सहारनपुर में दंगा कराने से ही फुर्सत नहीं थी। पहले नौजवानों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जाते थे। बेटियों को लेकर माता-पिता चिंतित रहते थे, लेकिन आज भाजपा सरकार ने भय मुक्त वातावरण दिया है। कहा कि 6 वर्ष में 54 लाख से अधिक गरीबों को आवास दिलाया। 2 करोड़ 61 लाख गरीबों को 1-1 शौचालय, 1 करोड़ 75 लाख गरीबों को फ्री रसोई गैस कनेक्शन, 1 करोड़ 55 लाख गरीबों को फ्री बिजली कनेक्शन देने का कार्य डबल इंजन की सरकार ने किया। प्रदेश के 10 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना, आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख रुपए का सालाना बीमा कवर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें दे रहीं हैं।

### शहरों व कस्बों के विकास के लिए तीसरे इंजन की जरूरत

उन्होंने कहा कि मां शाकभरी और मां बाला सुंदरी की पावन धरा से मैं आज निकाय चुनाव का शंखनाद करने आया हूं। केंद्र की मोदी सरकार और यूपी की योगी सरकार डबल इंजन से विकास कार्य करा रही है, लेकिन अब शहरों और कस्बों के विकास के लिए तीसरे इंजन की भी जरूरत है। इसलिए विकास की गति ट्रिपल इंजन से हो इसके लिए निकाय चुनाव में भाजपा के सभी प्रत्याशियों को विजय बनाकर विकास की गति को बढ़ाना होगा।

सहारनपुर में जनसभा को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री योगी शामली में निकाय चुनाव का शंखनाद करने के लिए रवाना हो गए। यहां वह वीवी इंटर कॉलेज में जनसभा को करेंगे संबोधित। ज्यादा से ज्यादा निकायों में कमल खिलाने पर फोकस रहेगा। वहीं जिले में सीएम योगी के दौरे को लेकर प्रशासन ने पुख्ता तैयारी की है। कई जगह रूट डायवर्जन किया गया है।इसके अलावा सीएम योगी आदित्यनाथ खेड़ी बैरागी में नाथ संप्रदाय के मंदिर में बाबा न्यादर दास की 121वीं जयंती कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। प्रशासन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों में जुट गया है। डीएम-एसपी ने दोनों हेलीपैड का दौरा कर अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दिए। खेड़ी बैरागी में कार्यक्रम में शामिल होने से पहले सीएम योगी ने ट्वीट करते हुए लिखा- %वैदिक कालीन स्मृतियों को संजोए जनपद सहारनपुर, शामली एवं अमरोहा के पुरुषार्थी और राष्ट्रवादी जन के मध्य आज मुझे आने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। ऐसी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक उर्वर वसुधा के विकासवादी, उद्यमशील एवं रचनाधर्मी मानस से संवाद हेतु मैं अत्यंत उत्सुक हूं।%

### बाबा शेरनाथ ने दिया था मुख्यमंत्री को निमंत्रण

खेड़ी बैरागी में तपोभूमि समाधि स्थल पर बाबा न्यादरदास की जयंती हर वर्ष 24 अप्रैल को मनाई जाती है। योगी रोहताश ने बताया कि बाबा शेरनाथ ने मुख्यमंत्री को कार्यक्रम का निमंत्रण दिया था। जयंती प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाई जाती है। जिसमें ग्रामीण बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं।

## मोदी ने शिवराज की तारीफ की, बोले- कांग्रेस ने गांवों को नजरअंदाज किया, हमने तिजोरी खोली



पीएम मोदी सोमवार को रीवा में आयोजित पंचायती राज सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने 2300 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट्स और 7853 करोड़ रुपये की नल-जल योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। कांग्रेस ने गांवों को नजरअंदाज किया, भाजपा ने विकास के लिए तिजोरी खोली-पीएम ने कहा कि पहले की सरकारें गांव के लिए पैसे खर्च करने से बचती थी, क्योंकि गांव अपने आप में कोई वोट बैंक तो था ही नहीं। इसलिए उन्हें नजरअंदाज किया जाता था। गांव के लोगों को बांटकर कई राजनीतिक दल अपनी दुकान चला रहे थे। भाजपा ने गांवों के साथ हो रहे इस अन्याय को भी समाप्त कर दिया है। हमारी सरकार ने गांवों के विकास के लिए तिजोरी खोल दी है। 40 करोड़ से ज्यादा ग्रामीणों के खाते खोले- पीएम ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के गांवों को जब बैंकों की ताकत मिली है, तो खेती-किसानी से लेकर व्यापार कारोबार तक, सब में गांव के लोगों की मदद हो रही है। हमने जनधन योजना चलाकर गांव के 40 करोड़ से ज्यादा लोगों के बैंक खाते खुलवाए। हमने इंडिया पोस्ट पैमेंट बैंक के माध्यम से गांवों तक बैंकों की पहुंच बढ़ाई।पंचायतों को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है- पीएम ने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस दौर में अब पंचायतों को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है। आज ई-ग्राम स्वराज- जीईएम इंटीग्रेटेड पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। इससे पंचायतों के माध्यम से होने वाली खरीद की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी। पीएम ने कहा कि हमारे यहां गांव के घरों के प्रॉपर्टी के कागजों को लेकर बहुत उलझनें रही हैं। इसके चलते भांति-भांति के विवाद होते हैं, अवैध कब्ज़ों की आशंका होती है। %पीएम स्वामित्व योजना% से अब ये सारी स्थितियां बदल रही हैं।पीएम ने कांग्रेस पर साधा निशाना- पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि पूज्य बापू कहते थे भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन कांग्रेस ने गांधी के विचारों को भी अनसुना किया। आजादी के बाद की सरकारों ने भारत की पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त किया। जो व्यवस्था सैकड़ों वर्ष, हजारों वर्ष पहले से थी, उसी पंचायती राज व्यवस्था पर आजादी के बाद भरोसा ही नहीं किया गया। 90 के दशक में पंचायती राज के नाम पर खानापूर्ति की, ध्यान नहीं दिया। 2014 के बाद से देश ने अपनी पंचायतों के सशक्तिकरण का बीड़ा उठाया। आज इसके परिणाम नजर आ रहे हैं। आज भारत की पंचायतें गांवों के विकास की प्राणवायु बनकर उभर रही हैं। पीएम मोदी ने शिवराज सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए छिंदवाड़ा के विकास की बात करते हुए कमलनाथ पर निशाना साधा। वहीं, कांग्रेस को घेरते हुए पीएम ने कहा कि जिस दल की सरकार ने देश में सबसे ज्यादा समय तक शासन किया। उसने ही गांवों का भरोसा तोड़ दिया।कांग्रेस सरकार ने पंचायतों से भेदभाव किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज यहां ई-ग्राम स्वराज और ई-जेम पोर्टल को मिलाकर जो नई व्यवस्था लॉन्च की गई है, उससे आपका काम और आसान होने वाला है। पीएम स्वामित्व योजना के तहत भी देश के 35 लाख ग्रामीण परिवारों को प्रॉपर्टी कार्ड दिए गए। पहले की सरकारों ने पंचायतों से भेदभाव किया, अब उनसे उलटा हम उन्हें सशक्त कर रहे हैं। 2014 से पहले पंचायतों के लिए वित्त आयोग का अनुदान 70 हजार करोड़ से भी कम था। इतनी कम राशि से इतना बड़ा देश, इतनी सारी पंचायतें कैसे अपना काम कर पातीं। 2014 में हमारी सरकार आने के बाद पंचायतों को मिलने वाला यह अनुदान 70 हजार से बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। 2014 से पहले के 10 साल में केंद्र सरकार की मदद से 6 हजार के आसपास पंचायत भवन बनवाए गए थे। विकसित करना जरूरी- आजादी के इस अमृतकाल में हम सभी देशवासियों ने विकसित भारत का सपना देखा है और उसे पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। भारत को विकसित बनाने के लिए भारत के गांवों की सामाजिक व्यवस्था को विकसित करना जरूरी है। पंचायती राज सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की भावना को बढ़ावा देने के साथ हमारे नागरिकों के विकास की आकांक्षाओं को पूरा करती हैं।

## अतीक के दफ्तर में मिले खून के धब्बे और चाकू, ब्लड से सने कपड़े व चूड़ियां भी मिलीं






उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित माफिया अतीक अहमद के दफ्तर में पुलिस को जांच के दौरान खून के धब्बे और चाकू मिले हैं। इसके अलावा खून से सने कपड़े मिले हैं। अतीक के दफ्तर में खून से सनी चूड़ियां भी मिली हैं।

जानकारी के अनुसार, प्रयागराज के चकिया में माफिया अतीक अहमद का दफ्तर है। यह दफ्तर खंडहर हो चुका है। यहां सोमवार को यूपी पुलिस की टीम जांच के लिए पहुंची। यहां खून के धब्बे दिखाई दिए। सीढ़ियों पर खून के ताजे धब्बे दिखाई दे रहे हैं। पहले तल पर एक महिला की साड़ी और कुछ अंडर गारमेंट्स पुलिस को मिले हैं। आशंका है कि किसी महिला की यहां हत्या की गई है। इसके बाद उसका शव कहीं बाहर फेंक दिया गया। जांच के लिए पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने कहा कि धब्बे खून के जैसे दिखाई दे रहे हैं। एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच रही है। आपको बता दें कि चकिया कर्बला स्थित माफिया अतीक अहमद के इस दफ्तर को दो साल पहले योगी सरकार ने ध्वस्त कर दिया था।कार्यालय का कुछ हिस्सा बचा है, जबकि आधा से अधिक हिस्से को पीडीए ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था। सोमवार को कार्यालय में खून के धब्बे देखे गए। इसके साथ ही खून से सना चाकू भी मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंची। छानबीन की तो दूसरे तल पर किचन में रखा सामान भी अस्त-व्यस्त मिला। हीटर समेत अन्य सामान क्षतिग्रस्त था। प्रयागराज एसीपी सत्येंद्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि आज ही हमें सूचना मिली की (अतीक अहमद के) चकिया स्थित कार्यालय में खून के धब्बे दिख रहे हैं। हमने जांच के लिए स्नस्रु की टीम बुलाई है। नीचे सीढ़ी के पास लाल रंग के खून नुमा धब्बे दिख रहे हैं और अंदर किचन के पास भी खून के धब्बे दिख रहे हैं। हम जांच कर रहे हैं। माफिया अतीक अहमद के चकिया स्थित दफ्तर में खून के धब्बे और चाकू मिला है। इसके अलावा साड़ी और अन्य कपड़े भी खून से सने हुए मिले हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मौके पर भारी संख्या में फोर्स तैनात है।

## संपादकीय Editorial

### Threat of terror, along with reaching the terrorists, their supporters should also be tightened

Now that it has become clear that the attack on the army vehicle in Poonch was the handiwork of terrorists, it is not only necessary that the National Investigation Agency (NIA) should investigate it, but it is also necessary that the terrorists who carried out the attack be traced. To be reached Along with reaching out to these terrorists, their supporters and their handlers should also be cracked down on. Generally, such attacks happen only when the terrorists get cooperation and support at the local level. It is worrisome that after Kashmir, terrorist organizations are increasing their activities in the Jammu region as well. In the last few years, they have carried out many incidents in the Jammu division. It is clear that as the campaign to eliminate terrorists is being carried out in the Kashmir Valley, the same should be carried out in the Jammu division. Any such campaign will be successful only when strict action is taken against those who give shelter to terrorists and help them. Since the responsibility of the attack in Poonch has been taken by a terrorist group linked to a Pakistan-based terrorist organization, there is no doubt that Pakistan is still not desisting from its antics. There is no justification for this in view of the antics of Pakistan. Pakistani Foreign Minister Bilawal Bhutto, who is coming to India to attend the meeting of Shanghai Cooperation Organisation, should be entertained or talks should be held with him regarding bilateral relations. India should stick to its stand that till Pakistan does not desist from nurturing terrorist organizations, there can be no talks with it. Anyway, the pathetic condition Pakistan is in at present, it needs India, but India does not need it anywhere. As long as Pakistan continues to behave in a hostile manner, no leniency should be shown towards it. Instead it should be seen how to teach it a lesson? Pakistan may be in a state of disrepair, but it is not desisting from keeping Kashmir disturbed. It is not going to give up until it pays the price for nurturing the terror infrastructure that continues to hurt Indian interests in Jammu and Kashmir. Since the terrorist infrastructure in Pakistan is intact as before, attempts are being made to infiltrate terrorists from across the border. Not surprising that the terrorists who attacked in Poonch must have come from across the border. The army also needs to learn a lesson from the terrorist attack in Poonch in which five of our soldiers had to be sacrificed that any kind of negligence in the security of the soldiers can be fatal.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Wicket breaking bowling: IPL suffered a loss of 20 lakhs due to the fatal bowling of the soldier's son!

In the 20th over of the IPL match played at Wankhede, Arshdeep broke the middle stamp twice on two consecutive yorkers. This is probably the first time in the history of cricket, when the stamp has been split twice in a row. Soldier's son caused a loss of over Rs 20 lakh in the Indian Premier League (IPL). We are talking about Punjab Kings star fast bowler Arshdeep Singh. Born on 5 February 1999 in Guna city of Madhya Pradesh, Arshdeep's father was employed in the Central Industrial Security Force (CISF), but Arshdeep made Punjab his workplace. On Saturday night, against Mumbai Indians in Mumbai, his record of breaking wickets was recorded. In the 20th over of the IPL match played at Wankhede, Arshdeep broke the middle stamp twice on two consecutive yorkers. This is probably the first time in the history of cricket, when the stamp has been split twice in a row. Arshdeep took 4 wickets in this match and prevented Mumbai Indians from winning. The story of Arshdeep becoming a cricketer is very interesting. Arshdeep was definitely born in Guna, but after some time his father shifted to Kharar near Chandigarh. There Arshdeep used to play street cricket with the children of the neighborhood. When the father saw that the son was taking interest in cricket, in the year 2015, he got Arshdeep admitted to the Jaswant Rai Cricket Academy in Chandigarh. Arshdeep, a 6 feet 3 inch left-arm bowler, became a member of Team India Under-19 in the year 2018 and played in the World Cup. In the same year, Under 23 was included in Team India. Playing for the Punjab Under-23 team in the CK Nayudu Trophy, he picked up 8 wickets, including a hat-trick, against Rajasthan. He is also a part of Team India – In December 2018, Kings XI Punjab bought him for the 2019 IPL season and in the very first season he became the second highest wicket-taker for the team. Arshdeep told in the beginning that he is a long race horse. In the year 2019, Arshdeep was selected for the ACC Emerging Teams Asia Cup played in Bangladesh. In June 2021, he was included in India's five net bowlers on the Sri Lanka tour, but due to some players being corona positive, he was included in Team India and played two T20 matches. In May 2022, Arshdeep was also included in Team India's T20 team that went to South Africa. After that Arshdeep was also included in Team India that went to Ireland. Arshdeep has played three ODIs and 26 T20 Internationals so far. He did not get any wicket in ODIs, but he has taken 41 wickets in T20. His performance has been good. In IPL, Punjab Kings have star bowling. He has taken 110 wickets in 84 domestic T20 matches. Broke the wicket twice – At the Wankhede Stadium in Mumbai, when the match was in full swing and Mumbai Indians needed 16 runs to win in the last over, Arshdeep not only stopped runs, but also dismissed Tilak Verma and Nehal Wadhera in two consecutive balls. But clean bowled and brought Mumbai Indians to their knees. Both his balls came out breaking the middle stump. According to experts, the wickets used in IPL are very expensive and the cost of one set of wickets is 25 to 30 lakhs. If seen like this, a single wicket was worth Rs 10 lakhs, then Arshdeep caused a loss of Rs 20 lakhs to IPL in 2 balls. However, this loss will have to be borne by the IPL itself and nothing will be deducted from Arshdeep's pocket. In the current season of IPL, Arshdeep has also got the Purple Cap with 13 wickets in 7 matches. Surely this son of a soldier will make a big name in cricket for the country.

## Raj-Society: Fear of civil society, some political parties do not like such organizations

The Janata Dal (U) and the BJP did not send their representatives when the Civil Society Forum in Bengaluru recently released a citizen's manifesto in view of the assembly elections. While the JD(U) is perhaps indifferent to civil organisations, the BJP does not like the independence of civil organisations. Earlier this month, three dozen voluntary organizations in Karnataka came together to prepare a manifesto for political parties contesting assembly elections in the state. In this 'Civil Society Forum', groups fighting for the rights of Dalits, women and slum dwellers, groups active in the field of education, health and sanitation and political parties by fully implementing the 73rd and 74th amendments of the Indian Constitution There are pressure groups for decentralization. His 20-page manifesto has been published in both English and Kannada. It covers a range of issues that reflect the priorities of the participating groups as well as the challenges faced by the people of the state. The Civil Society Forum has asked all political parties to include these demands in their own manifestos and take decisions in favor of them if elected to the Legislative Assembly. The distribution of the manifesto was followed by a meeting in which representatives of political parties were invited. I also attended the meeting and watched the proceedings with keen interest. It started with the presentation of civil society activists related to governance, health, education, agriculture, social justice etc. and ended with the reactions of the visiting politicians and answering the questions of the audience. The discussion was constructive. However, representatives of two of the three major political parties in the state did not attend the meeting. These parties are Janata Dal (Secular) and Bharatiya Janata Party. The Congress, the third largest party in Karnataka, had sent a representative. Apart from this, the Aam Aadmi Party, which is trying to make a mark in the state, and the CPI (Marxist Communist Party), which still has influence in some parts of the working class districts, also sent their representatives. The organizers made several calls to the Janata Dal (S) and the BJP, but none of these parties sent their spokespersons, despite making promises. Why is it like this? My guess is that in the case of JD(S) it was probably apathy. The party does not care about civil society. However, in the case of the BJP, its refusal to attend the meeting was almost certainly based on its strong dislike for civil society organizations that operate independently. The BJP's dislike for civil society has its roots, to some extent, in the ideological orientation of the Rashtriya Swayamsevak Sangh. Totalitarian in nature, the RSS seeks to control all spheres of social and cultural life in India. Wherever it works—between farmers, tribals, women, students, neighborhood groups—it seeks no competition. Another, and perhaps more important, reason for civil society's dislike of the BJP is the personality of the current prime minister. Innate authoritarian Narendra Modi while in power wants to control the governance and administration completely. As Chief Minister of Gujarat, he came down hard against civil society groups in the state. During the last nine years that Narendra Modi has been in power, his government has shown bitter hostility towards NGOs. Organizations doing excellent work in the field of education, health, policy research and social welfare and not even having any affiliation with any political party or religious organization, have been subjected to tax raids and receiving donations under the FCRA (Foreign Contribution Control) Act. Has been harassed by withdrawing the approval. Many organizations have been victimized, of which Oxfam and the Center for Policy Research are just a few examples. At the same time, there is no indirect bar on taking funds from abroad for Hindutva groups liberal towards the current regime. A few years back, when the FCRA registration of non-communal organizations was canceled while non-resident Hindus were freely funding RSS-affiliated bodies, Kannada cartoonist P. Mahmood sarcastically remarked: 'Modi ji It is said, One Nation, One NGO. In fact, when it was in power between 2004 and 2014, the Congress too misused the FCRA Act to harass NGOs, especially those working on environment and human rights. At the same time, the Congress also sought advice from civil society groups regarding social welfare policies (such as the Rural Employment Guarantee Scheme). The present BJP government in power mistrusts all civil society organizations unless they enthusiastically promote its majoritarian Hindutva agenda, as well as the personality cult of the Prime Minister himself. This fear of civil society is related to the fear of independent investigation of the current government in general. This is the reason why in an extraordinary and unprecedented manner the Prime Minister has not held a single press conference in his two terms. Hence the attacks of the government on those sections of the press which are still relatively free. That's why journalists and student activists.were sent to jail under the heinous UAPA, hence the poisonous propaganda against the commendable peaceful protests against the (unpleasant) CAA and farm laws. Hence the denial of research visas to foreign scholars, and curbs on seminars run by Indian nationals in Indian universities. Again, in fairness it must be acknowledged that many state governments run by parties other than the BJP also do not appreciate independent evaluation of their policies much. This was true during the CPI(M) rule in West Bengal and is now true under TMC, in Tamil Nadu under AIADMK and is now true under DMK, YRS Congress rule in Andhra Pradesh and TRS rule in Telangana. However, the BJP has taken this hostility towards civil society and free thought to a whole new level. Writing in the 1830s, the French thinker, Alexis de Tocqueville, argued that American democracy was nurtured by its flourishing voluntary associations. At the time, aristocratic Europe may have been sluggish, but by the end of the 19th century it had several thriving voluntary associations of its own. These were of two types, critical and constructive. The first tried to highlight the state's failures to free its citizens from want or fear; Others sought to compensate for these failures by setting up schools, hospitals, etc. themselves. Writing nearly two centuries after Tocqueville, I subscribe to his view that the health of a country's civil society can serve as an index of the health of its political system as a whole. In this regard, India was perhaps the most democratic in the decades since the Emergency ended. Yet, since 2014, the state began to show its might against groups and organizations that operate autonomously. The reason why BJP did not send its representative to the recent meeting of the Civil Society Forum in Bengaluru was not due to mistake or lapse, but it was done after careful consideration. The BJP sees a free press and a strong civil society as adversarial to propagating its ideology and maintaining its rule.

# नशे की पुड़िया के लिए कर दिया दोस्त का कत्ल, दोनों आरोपी गिरफ्तार



मुरादाबाद- नशे की एक पुड़िया ने वर्षों पुराने दोस्तों को जानी दुश्मन बना दिया। नशे की पुड़िया खरीदने से इन्कार पर दो दोस्त इस कदर बावले हुए कि उन्होंने अपने ही साथी को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। 24 घंटे के भीतर सायबे आलम हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए पाकबड़ा पुलिस ने सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी कोर्ट से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिए गए। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि महज एक दिन पहले 23 अप्रैल को पाकबड़ा थाना क्षेत्र में कैलशा रोड स्थित जुम्मेरात के कब्रिस्तान में 20 वर्षीय एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। शव की शिनाख्त सायबे आलम पुत्र शाहिद हुसैन निवासी कलरिया महादेव मंदिर पाकबड़ा के रूप में हुई। मृतक के भाई फिरोज आलम उर्फ बबलू ने तहरीर दी। फिरोज ने भाई की हत्या का आरोप कैलशा रोड निवासी गौरव गुप्ता के सिर मढ़ा। बताया कि गौरव गुप्ता ही सायबे आलम को घर से बुलाकर अपने साथ ले गया था। जिसके बाद सायबे का शव कब्रिस्तान से बरमाद हुआ। तहरीर के आधार पर सौरभ गुप्ता के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए पाकबड़ा पुलिस घटना की तह तक जाने में जुटी। आरोपी सौरभ गुप्ता को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने पूछताछ शुरू की। पूछताछ में चौंकाने वाली जानकारी पुलिस के हाथ लगी।

## रुपये देने से इन्कार पर सायबे आलम की ली जान

पूछताछ में सौरभ गुप्ता ने बताया कि वह और सायबे आलम नशे का सेवन करते थे। लक्की उर्फ फैजान पुत्र इस्माईल निवासी मौहल्ला जुम्मेरात का बाजार, पाकबड़ा भी उनका दोस्त है। 22 अप्रैल की शाम तीनों एक साथ जुम्मेरात के कब्रिस्तान पहुंचे।

वहां नशे की पुड़िया खरीदने के लिए सौरभ व लक्की ने सायबे आलम से पैसे मांगे। सायबे आलम ने रुपये देने से दो टूक इन्कार कर दिया। इस पर सौरभ व लक्की भड़क गए। सायबे आलम से दोनों का विवाद शुरू हो गया। नोंकझोंक व हाथापाई में सायबे आलम का कुर्ता फट गया।

इस बीच सौरभ ने सायबे आलम के दोनों पैर पकड़ लिये और लक्की उर्फ फैजान उसके सीने पर चढ़ गया। तब सायबे आलम के गले में गमछा भी था। लक्की उर्फ फैजान ने गमछे से सायबे आलम का गला कस दिया। उधर सायबे आलम अपनी जान बचाने के लिए दोनों दोस्तों से जूझ रहा था। इस बीच ही लक्की उर्फ फैजान ने पास पड़ी ईंट से सायबे आलम के चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। चेहरे से खून का फब्बारा फूटते ही सायबे आलम का छटपटाना बन्द हो गया। सायबे आलम की मौत होने के तत्काल बाद दोनों दोस्त मौके से भाग गए। हत्या की पूरी कहानी सामने आने के बाद पुलिस ने लक्की उर्फ फैजान को भी गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट बरामद की गई। दोनों आरोपी जेल भेज दिए गए।

# झाड़ियों में मिला ई-रिक्शा चालक खून से सना शव, चाकू से गोद कर उतारा मौत के घाट

मुरादाबाद- पाकबड़ा थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय एक ई-रिक्शा चालक को चाकू से गोद कर मौत के घाट उतार दिया गया। ई- रिक्शा चालक का खून से सना शव उमरी सब्जीपुर गांव के जंगल से बरामद हुआ। मृतक की शरीर पर धारदार हथियार के कई निशान मिले। शव कब्जे में लेने के बाद पाकबड़ा पुलिस हत्याकांड की छानबीन में जुट गई है। मझोला थाना क्षेत्र के गागन वाली मैनाठेर का रहने वाला रिजवान पुत्र हसमत पेशे से ई- रिक्शा चालक था। रविवार शाम वह अपना ई-रिक्शा लेकर घर से निकला। देर रात तक वापस घर नहीं लौटा। परेशान परिजन रिजवान की तलाश में जुटे थे। इधर सोमवार को पाकबड़ा के उमरी सब्जीपुर के ग्रामीण खेत की ओर निकले। उनकी नजर झाड़ियों में पड़े एक युवक के शव पर गई। खून से सना शव झाड़ी में पड़े होने की सूचना तत्काल ग्रामीणों ने पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक पाकबड़ा मोहित चौधरी कुछ ही देर में दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से आधार व मोबाइल बरामद हुआ। इसके आधार पर ही पुलिस ने मृतक की पहचान की। वारदात का पता लगते ही एसएसपी हेमराज मीना मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर पुलिस की फोरेंसिक टीम बुलाई गई। मृतक के गले, पीठ और पेट में धारदार हथियार के गहरे निशान मिले। एसएसपी ने बताया कि परिवार के लोगों से पूछताछ हो रही है। शव बरामदगी स्थल से करीब डेढ़ किमी दूर मृतक का ई-रिक्शा फरीदपुर गांव के समीप मिला है। हत्या की कड़ियों को जोड़ने व वारदात की तह तक पहुंचने के प्रयास में पाकबड़ा पुलिस के साथ ही एसओजी टीम भी लगाई गई है। जल्द ही हत्याकांड का राजफाश कर दिया जाएगा।

# 50 लाख की धोखाधड़ी में निर्यातक पिता-पुत्रों के खिलाफ केस दर्ज

मुरादाबाद -कटघर थाने में निर्यातक और उनके दो बेटों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। जिसमें प्रॉपर्टी डीलर ने आरोप है कि निर्यातक की जमीन खरीदने के लिए उन्हें एडवांस में पचास लाख रुपये दिए थे लेकिन निर्यातक और उनकी बेटों ने किसी दूसरे को जमीन का सौदा कर दिया। रकम मांगने पर जान से मारने की धमकी दी है। गलशहीद के सीधी सराय निवासी शहजाद अहमद ने कोर्ट की शरण लेते हुए सिविल लाइंस के टीडीआई सिटी निवासी उमेश चंद्र गुप्ता, उनके बेटे हिमांशु और दिपांशु के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें शहजाद अहमद ने बताया कि उनकी फर्म कमीशन पर भूमि खरीदने और बेचने का काम करती है। निर्यातक उमेश चंद्र और उनके बेटों से मुलाकात हुई थी। उन्होंने अपने कटघर क्षेत्र स्थित दो भूखंड बेचने की बात कही थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि पड़ोसी भूखंड बेचने में बाधा डालते हैं। वह भूखंड बेचना चाहते हैं। 25 अगस्त 2022 को शहजाद और उमेश गुप्ता के बीच एक भूखंड का सौदा 76 हजार प्रति वर्ग गज के हिसाब से तीन करोड़ 97 लाख 48 हजार रुपये में सौदा तय हुआ था। शहजाद का दावा है कि उन्होंने 25 लाख रुपये चेक और बाकी कैश के जरिए दिए। इसके अलावा 25 अगस्त 2022 को दोनों के बीच दूसरे भूखंड का अनुबंध हुआ। इसका सौदा चार करोड़ 43 लाख 85 हजार रुपये में तय हुआ। इसके लिए भी शहजाद की फर्म की ओर से 25 लाख रुपये चेक और कैश के रूप में दिए थे। उमेश गुप्ता दूसरे भूखंड के पूर्ण स्वामी नहीं थे। फिर भी उन्होंने आश्वासन दिया कि अन्य वारिसान का अंश भी वह कंपनी को दिला देंगे। पिता-पुत्रों ने भूखंड पर कब्जा करा दिया था। शहजाद ने वहां अपना दफ्तर खोल लिया और स्टाफ रखकर भूखंड की बिक्री के लिए प्रचार शुरू कर दिया था। 06 दिसंबर 2022 को पित-पुत्र आ गए और जमीन पर दोबारा कब्जा करने लगे। विरोध पर शहजाद के साथ गाली गलौज की और धमकी दी। इसके बाद जमीन पर कब्जा कर लिया। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 5.5 हजार कर्मचारी कराएंगे निकाय चुनाव, डीएम बोले- मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को और मजबूत बनाए

मुरादाबाद- जिले में नगर निकाय चुनाव में 5.5 हजार मतदान कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। 974 मतदान पार्टियों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए ड्यूटी लगाई गई है। जिले में एक नगर निगम, दो नगर पालिका परिषद और आठ नगर पंचायतों में चार मई नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान होगा। इसकी तैयारियों में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी लगे हैं। 974 मतदान पार्टियां बूथों पर लगाई गई हैं। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मतदान कर्मचारियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण 27-29 अप्रैल तक राजकीय पालीटेक्निक और महिला पालीटेक्निक में दिया जाएगा। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान के प्रबंध किए जा रहे हैं। मतदाताओं से अपील है कि वह निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को और मजबूत बनाएं।

# घर में घुसकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

मुरादाबाद -मूंढापांडे। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। इस घटना में एक आरोपी की पत्नी ने भी सहयोग किया। पुलिस ने एक महिला समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। 41 वर्षीय पीड़ित महिला ने मूंढापांडे के निवासी चरन सिंह, अकल सिंह और अकल सिंह की पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें महिला ने बताया कि आरोपियों से उसकी कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपियों ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। महिला ने बताया कि वह 26 फरवरी को घर में अकेली थी। उसके बच्चे घर से बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान आरोपी घर में घुस आए। अकल सिंह की पत्नी बालों की चोटी पकड़कर उसे खींचकर कमरे में ले गई। इसके बाद आरोपी अकल सिंह और चरन सिंह ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला के शोर मचाने पर उसके बच्चे और आस पड़ोस के लोग आ गए थे। इसके बाद आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देकर चले गए थे। एसएचओ रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला प्रयोक्ता प्रभार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्पन्न

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शेलैन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता मे जिला प्रयोक्ता प्रभार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्पन्न हुयी। बैठक में तहसील सदर मुरादाबाद के तहसील स्तरीय प्रयोक्ता प्रभार से तहसील कम्प्यूटर केन्द्र हेतु उपकरण, फर्नीचर आदि की आवश्यकता के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबन्धित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये। बैठक मे अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री सुरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित संबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राशन डीलर का विरोध करना पड़ा महंगा, मिल रही धमकी



मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में एक शख्स को जनता के साथ छल करने वाले राशन डीलर का विरोध करना इतना महंगा पड़ गया कि अब उसे जान से मारने की धमकी मिल रही है। आरोपी राशन डीलर शख्स को फोन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहा है और मना करने पर धमकियां दे रहा है।

पीड़ित ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव नियामतपुर इकरोटिया निवासी महबूब अली ने एसएसपी को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि गांव में मुस्लिम सैफी नाम का युवक राशन डीलर है, जो कि पिछले काफी समय से गांव के लोगों को 5 किलो की जगह 4 किलो गेहूं दे रहा था। इस पर महबूब अली ने उच्च अधिकारियों से राशन डीलर मुस्लिम सैफी की शिकायत कर दी। शिकायत पर अधिकारियों द्वारा राशन डीलर की जांच कराई तो वह आरोपी पाया गया। जिसके बाद राशन डीलर की दुकान सस्पेंड कर दी गई। इसके बाद से लगातार राशन डीलर शिकायत करने वाले महबूब अली को धमकियां दे रहा है। इतना ही नहीं आरोपी राशन डीलर ने महबूब अली को फोन पर जान से मारने की धमकी दी और उच्च अधिकारियों को पर अभद्र टिप्पणी भी की। जिसका जिसका ऑडियो पीड़ित महबूब अली के पास मौजूद है।

पीड़ित महबूब अली का कहना है कि आरोपी राशन डीलर लगातार उस पर दबाव बना रहा है कि वह अपनी शिकायत वापस ले वरना अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी ने मुनाफा ने थाना पुलिस को मामले की जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

# राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता बिथरीचैनपुर का दबदबा

प्रदीप कुमार गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में बिथरीचैनपुर से 23 बच्चे हुए सफल सफल बच्चों को नरेश गंगवार, के सी पटेल, ऋषि पाल सिंह और देवेन्द्र कुमार ने किया पुरस्कृत बरेली आज राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा 2022-23 में सफल हुए बच्चों को आज बी0 आर 0सी0 स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बिथरीचैनपुर पर पुरस्कृत किया गया, जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ के सी पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक ऋषि पाल सिंह, एआरपी देवेन्द्र कुमार गंगवार ,सुखेंद्र सिंह, अवनीश गंगवार, कुसुम लता, मिथिलेश, प्रियदर्शनी शर्मा आदि स्टाफ मौजूद रहा। खण्ड शिक्षा अधिकारी बिथरीचैनपुर अवनीश प्रताप सिंह ने कहा कि ब्लाक का रिजल्ट अपेक्षा अनुरूप रहा और सफल हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं , जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने कहा कि इन





बच्चों द्वारा मेहनत की गई उसी का परिणाम है जो यह इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, के0 सी0 पटेल ने कहा कि हम सभी अगली बार और इस परीक्षा में अधिक से अधिक बच्चों को सम्मिलित कराए और अच्छी से तैयारी कराएं जिससे और ज्यादा बच्चे इस परीक्षा में सफल हो, राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में सफल हुए बच्चों को चार वर्ष तक प्रतिवर्ष 1000 रुपये छात्रवृत्ति मिलेगी, ब्लॉक बिथरीचैनपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालयों से सफल होने वाले बच्चे- बिथरी चैनपुर से - 02 पदारथ पुर से-04 कमुआ कला से - 04 परेवा कुंइया से - 04 भरतौल से - 01 कलारी से - 01 खजुरियाजुल्फिकार से- 01 चंदपुर बिचपुरी से - 01 धौरेरा माफी से - 01 मोहन पुर से - 01 रूपा पुर से - 03 जूनियर हाई स्कूल शिक्षक के अध्यक्ष और ए0आर0पी0 देवेन्द्र कुमार गंगवार ने बच्चों और शिक्षकों को सफलता के लिए बधाई शुभकामनाएं दीं ।

## महिला की आपबीती: मैं अकेली थी, एक महिला आई और बाल पकड़कर ले गए कमरे में, वहां दो लोगों ने बनाया हवस का शिकार

मुरादाबाद-महिला ने बताया कि वह 26 फरवरी को घर में अकेली थी। उसके बच्चे घर से बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान आरोपी घर में घुस आए और दरिंदगी को अंजाम दिया। मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है।

इस घटना में एक आरोपी की पत्नी ने भी सहयोग किया। पुलिस ने एक महिला समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। 41 वर्षीय पीड़ित महिला ने मूंढापांडे के निवासी चरन सिंह, अकल सिंह और अकल सिंह की पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें महिला ने बताया कि आरोपियों से उसकी कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आरोपियों ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। महिला ने बताया कि वह 26 फरवरी



को घर में अकेली थी। उसके बच्चे घर से बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान आरोपी घर में घुस आए। अकल सिंह की पत्नी बालों की चोटी पकड़कर उसे खींचकर कमरे में ले गई। इसके बाद आरोपी अकल सिंह और चरन सिंह ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला के शोर मचाने पर उसके बच्चे और आस पड़ोस के लोग आ गए थे। इसके बाद आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देकर चले गए थे। एसएचओ रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# सभी जिलों में शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने के आदेश, पालन न होने पर निलंबित होंगे अधिकारी



लखनऊ - डीजीपी डा.आरके विश्वकर्मा ने सभी जिलों के पुलिस कप्तान व कमिश्नरों को आदेश जारी किए हैं कि प्रदेश के सभी शातिर अपराधियों, चेन स्नेचरों, बैंक-एटीएम लुटेरों व साइबर क्राइम करने वालों की एक सप्ताह के अंदर हिस्ट्रीशीट खोली जाए।आदेशों का पालन न करने वाले पुलिस अधिकारियों के निलंबन की चेतावनी भी दी है। 18 साल से कम आयु वर्ग वाले अपराधियों तथा निजि रंजिश में दर्ज अभियोगों के आधार पर किसी की हिस्ट्रीशीट नहीं खोली जाए। डीजीपी के आदेशों के अनुसार क व ख वर्ग के हिस्ट्रीशीटरों को अलग-अलग रखा जाए। वर्ग में डकैत, सेंधमार, पशु चोर, रेलवे डिब्बों से माल चोरी करने वालों को रखा गया है। वहीं ख वर्ग में पेशेवर अपराधी, विषदाता, पशु विषदाता, रेलवे यात्रियों के सामान चुराने वाले तथा अवैध शराब बनाने वालों के अलावा कोकीन व अफीम तस्करों को रखा गया है। डीजीपी ने कहा है कि पुलिस अधीक्षक की मंजूरी के बाद ही क व ख वर्ग के हिस्ट्रीशीटरों को एक वर्ग से दूसरे वर्ग में रखा जा सकेगा। डीजीपी ने इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए हिदायत दी है कि जिन अपराधों का उल्लेख क व ख वर्ग में पुलिस रेग्युलेशन अध्याय में किया गया है उन्हीं के हिसाब से हिस्ट्रीशीट तय की जाए।

## इन नियमों के पालन के आदेश

18 साल से कम आयुवर्ग के अपराधियों की हिस्ट्रीशीट नहीं खोली जाएगी

जिन अपराधियों की निगरानी की जरूरत हो उन्हीं की हिस्ट्रीशीट खोली जाए

निजी रंजिश में दर्ज अभियोगों के आधार पर हिस्ट्रीशीट न खोलें

उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कारवाई को हिस्ट्रीशीट खोलने का आधार न बनाएं

18 से 21 साल के अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने से पहले सीबीसीआइडी से 15 दिनों में रिपोर्ट ली जाए

हिस्ट्रीशीटरों की सूचना ऑनलाइन भी उपलब्ध करवाई जाए।

# सपा विधायक के आवास पर जेई व ठेकेदार को बनाया गया बंदी, पुलिस और समर्थकों में हाथापाई



जौनपुर- मल्हनी के सपा विधायक लकी यादव के जेसीज चौराहा के पास स्थित आवास पर रविवार की देर रात कथित तौर पर बंधक बनाए गए दो जेई व ठेकेदार को पुलिस ने मुक्त करा लिया। इस दौरान पुलिस व लकी यादव समर्थकों के बीच कहासुनी और हाथापाई हो गई। ठेकेदार राजन सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है।विधायक ने बंधक बनाए जाने के आरोप को खारिज करते हुए पुलिस पर दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पूरी घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया में तेजी से प्रसारित हो रहा है।जेसीज चौराहा से ओलंदगंज मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। लोक निर्माण विभाग के दो जेई और ठेकेदार राजन सिंह नाली निर्माण के लिए सर्वे व नाप-जोख करा रहे थे। आरोप है कि विधायक लकी यादव के घर के सामने नाप-जोख करने पहुंचे तो विधायक के कुछ आदमी जेई सच्चिदानंद, दुर्गेश कुमार और ठेकेदार राजन सिंह को खींचते हुए घर में ले जाकर बंधक बना लिया। सर्वे में लगे अन्य लोग भाग निकले और पुलिस को सूचना दी।

## पुलिस ने दोनों को छुड़ाया

करीब आधे घंटे बाद शहर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने मय फोर्स पहुंचकर बंधक बनाए गए दोनों जेई व ठेकेदार को छुड़ाया। इस दौरान विधायक व उनके समर्थकों की पुलिस से तीखी नोकझोंक व हाथापाई हो गई। किसी तरह मामला शांत हुआ। ठेकेदार राजन सिंह ने कार्रवाई के लिए कोतवाली में तहरीर दी है। दूसरी तरफ विधायक लकी यादव का आरोप है कि रात में उनके घर के सामने चार लोग आए। मैंने अपने कमरे में सीसीटीवी में देखा तो सिक्योरिटी वालों से पूछताछ करने को कहा। सिक्योरिटी के लोग पहुंचे तो वे भागने लगे। चार में से तीन को पकड़ लिया।

मैंने 11.05 बजे एसपी को सूचना दी। 20 मिनट तक पुलिस के न आने पर सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता को सूचना दी। पुलिस आई और पूछताछ करने लगी। सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह आए और उनसे बातचीत चल रही थी कि तभी कोतवाल सतीश सिंह फोर्स के साथ आकर तेज आवाज में बात करने लगे। कहने लगे कि तीनों लोगों को हम ले जाएंगे। तब मैंने कहा कि ले तो नहीं जा सकते। चौथे को भी बुलाइए ताकि मैं पहचान तो सकूं कि कौन था। पुलिस कर्मी मेरे सिक्योरिटी के दो युवकों को घसीटने लगे तो मैं बीच-बचाव करने लगा। पुलिस कर्मियों ने मेरा कॉलर पकड़ लिया और गाली-गलौच किया। मेरी पत्नी व भाभी के साथ भी दुर्व्यवहार किया। बंधक बनाने के बारे में कहा कि यदि मैंने बंधक बनाया होता तो कप्तान को क्यों सूचना देता। एएसपी (ग्रामीण) शैलेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि पुलिस ने पहुंचकर बंधक बनाए गए अवर अभियंताओं व ठेकेदार राजन सिंह को मुक्त कराया। बंधक बनाए गए लोगों का मेडिकल मुआयना कराकर ठेकेदार के तहरीर पर छानबीन व विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# उधार दी ईंट मांगने पर युवक को मारी गोली, भर्ती; पुलिस ने फायरिंग की घटना से किया इंकार



हरदोई- तीन वर्ष पूर्व उधार दी ईंटे मांगने को लेकर दो पक्षों में सोमवार सुबह विवाद हो गया। विवाद में युवक को गोली मार दी गई, जिसमें युवक घायल हो गया। परिवार ने पुलिस को घटना जानकारी दी और सीएचसी ले गए, जहां से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।हरपालपुर के ग्राम बेहटारम्पुरा के भूरा सिंह ने बताया कि वह पंजाब में मजदूरी करता है। उन्होंने मकान बनवाने के लिए ईंट खरीदी थीं। तीन वर्ष पूर्व गांव के महेश सिंह ने पांच हजार ईंट उधार लीं थीं। वह तब से अपनी ईंट मांग रहा था। सोमवार की सुबह विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर विपक्षी उसे गाली-गलौज करने लगे। विवाद के दौरान युवक भैंस बांधने जा रहा था। इसी दौरान महेश सिंह व उसके पिता मुनेश्वर सिंह ने घेर लिया। महेश ने तमंचे से गोली मार दी। गोली युवक के दाहिने हाथ में लगी और वह घायल हो गया। वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। परिवार ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाल सुनील सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में विवाद हुआ है। गोली लगने की बात सामने नहीं आई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी

# चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में आंधी तूफान ने मचाया तबाही,पेड़ गिरने से बिजली खंभा हुआ धरासाही,3 गांव में छाया अंधेरा



रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में आंधी तूफान ने जमकर तबाही मचाया है कांतिपुर में तेज आंधी से पेड़ गिरने से सात बिजली खंभा गिर गया जहां 3 गांव अंधेरे में है लगभग 9 बिजली ट्रांसफॉर्मर तक बिजली नहीं पहुंच रही है

100 से अधिक हितग्राही के घरों में बिजली नहीं पहुंच रहा है ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 3 दिनों तेज आंधी तूफान के साथ बारिश ने चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में तबाही मचाया है कांतिपुर नवगई ठाडपाथर सहित आसपास के गांव में आंधी तूफान का असर देखने के लिए मिला है वहीं चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में धूप ना निकले से लगभग दर्जनों गांव में क्रेडा विभाग द्वारा लगाए गए सोलर पावर प्लांट भी ठप्प गए जिससे पिछले 3 दिनों से क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है। कांतिपुर ,नवगई ,व ठाड़पाथर के ग्रामीणों ने विद्युत लाइन सुधार कराने की तत्काल जिला प्रशासन मांग की है

# उमेश पाल हत्याकांड में एक और सनसनीखेज खुलासा, बरेली जेल से सामने आया असद, गुड्डू और गुलाम सहित शूटरों का Video



बरेली- प्रयागराज में उमेशपाल व दो पुलिसकर्मियों के हत्याकांड मामले में नामजद शूटरों का रविवार को एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। प्रसारित वीडियो बरेली जिला जेल का है जिसमें हत्याकांड में शामिल माफिया अतीक का बेटा असद व सभी शूटर अशरफ से मिलाई के बाद जेल गेट से बाहर निकलते दिख रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि 12 फरवरी का यह वीडियो बरेली एसआइटी के हाथ लग चुका है। अवैध मुलाकात की पुष्टि हो चुकी, लेकिन बिथरी चैनपुर थाने में लिखी प्राथमिकी में आरोपितों का नाम नहीं खोला गया।

## अशरफ था बरेली की जेल में बंद

दरअसल, माफिया अतीक का भाई अशरफ बरेली जिला जेल में बंद था। उमेशपाल व दो पुलिसकर्मियों के हत्याकांड के बाद बरेली के बिथरी चैनपुर थाने में माफिया अतीक के भाई अशरफ, उसके साले सद्दाम, गुर्गे लल्ला गद्दी, जेल वार्डन शिवहरि अवस्थी, कैंटीन संचालक दयाराम उर्फ नन्हे, जेल अधिकारी व कर्मचारी एवं अशरफ के अज्ञात षड्यंत्र रचने, रंगदारी, अपराधियों को संरक्षण देने व अन्य धाराओं में प्राथमिकी लिखी गई।लल्ला गद्दी समेत नौ आरोपितों को इस आधार पर जेल भेजा गया कि वह अशरफ के साले सद्दाम के लिए काम करते थे। उसके इशारे में अशरफ को जिला जेल में सुविधाएं पहुंचाते थे। सद्दाम व लल्ला गद्दी के जरिये ही आरोपित 12 फरवरी को बरेली जिला जेल में अवैध रूप से अशरफ से मिले।

## वीडियो में दिखे एक साथ सारे शूटर्स

वीडियो में माफिया अतीक का बेटा असद, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम, उस्मान व अन्य आरोपित एक साथ निकलते दिख रहे हैं। जेल प्रशासन ने बाकायदा, शूटरों का जेल से निकलते वीडियो भी बरेली पुलिस और प्रयागराज पुलिस को सौंपा। बरेली में लिखे मामले की विवेचना सीओ तृतीय आशीष प्रताप सिंह ने शुरू की लेकिन, अब तक उन्होंने जेल में अवैध रूप से मुलाकात कर निकले शूटरों के नाम नहीं बढ़ाए। ऐसे में उनकी कार्रवाई भी सवालों के घेरे में हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवेचक भी सवालों के घेरे में आए। इस पर जवाबदेही से बचने के लिए सीओ ने फोन उठाना बंद कर दिया।सद्दाम का अब तक ना लगा पाई पता बरेली पुलिस अब तक अशरफ के साले सद्दाम के बारे में कोई सुराग नहीं लगा सकी है। यह तब है जबकि सद्दाम 50 हजार का इनामी है।

## चौतरफा घिरी थी बरेली पुलिस, तब लिखी गई थी प्राथमिकी

